Total No. of Printed Pages—4

2 SEM TDC HND MIL (A) 1

2018

(May)

HINDI

(Modern Indian Language)

(Arts)

Course : 201

(हिन्दी गद्य तथा व्याकरण)

Time : 3 hours

The figures in the margin indicate full marks for the questions

Candidates ***eligible*** *for Internal Assessment shall answer Question Nos.* ***1*** *to* ***9***

Full Marks : 80

Pass Marks : 32/24

Candidates ***not eligible*** *for Internal Assessment shall answer Question Nos.* ***1*** *to* ***11***

Full Marks : 100

Pass Marks : 40/30

1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 1×8=8

(क) 'दुःख' कहानी के लेखक का नाम लिखिए।

(ख) बैजू को संगीत की शिक्षा किसने दी थी?

(ग) नामघरों में किसे चैतन्य-मूर्ति मानकर कीर्तन किया जाता है?

(घ) राम जन्मभूमि और बाबरी मस्जिद की पृष्ठभूमि में लेखक ने किसका साक्षात्कार लिया?

(ङ) अमीरी और गरीबी से किसका संबंध नहीं होता?

(च) सरकार चलाने के लिए किसकी जरूरत नहीं होती?

(छ) राजनीति में अवसरवादिता, भ्रष्टाचार जैसी भ्रष्ट प्रवृत्ति का प्रभावी चित्रण कमलेश्वर जी के किस उपन्यास में मिलता है?

(ज) "मशीनें नहीं सोचतीं, मशीनों के लिए आदमी सोचता है।" यह किसका कथन है?

2. "कला साधना में तानाशाही नहीं चलती।" इस तथ्य की प्रस्तुति 'बैजू बावरा' कहानी में किस प्रकार प्रकट हुई है? 11

अथवा

'तुलसीदास से एक साक्षात्कार' शीर्षक निबंध के माध्यम से लेखक ने समाज के ज्वलंत प्रश्नों को उठाने की कोशिश की है। विश्लेषणात्मक उत्तर लिखिए।

3. "प्रतीक के रूप में 'काली आँधी' अपने समय का इतिहास तथा उसकी मूल प्रवृत्तियों का चित्र है।" पठित उपन्यास के आधार पर यह प्रमाणित कीजिए। 11

अथवा

'काली आँधी' उपन्यास के आधार पर मालती अथवा लल्लू बाबू का चरित्र-चित्रण कीजिए।

4. निम्नलिखित की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : 8×2=16

(क) मनुष्य-मनुष्य में कितना भेद होता है। परन्तु मनुष्यत्व एक चीज है, जो कभी-कभी भेद की सब दीवारों को लाँघ जाती है।

अथवा

कोई भी धर्म छोटा या बड़ा नहीं होता, सभी धर्म प्रभु के पास पहुँचाते हैं। रास्ते अलग हो सकते हैं।

(ख) जिन्दगी में हर चीज नहीं मिलती। आदमी को चुनाव करना पड़ता है कि उसे क्या चाहिए...।

अथवा

हमारे सामने जो कुछ है, उसे साहस के साथ स्वीकार करें। जो है, वह है, जो नहीं है, वह नहीं है।

5. निम्नलिखित में से किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 3×3=9

(क) असम की संस्कृति समन्वय की संस्कृति है। स्पष्ट कीजिए।

(ख) "महाराज मेरे साथ अन्याय हुआ है।" यह किसने, किससे और क्यों कहा है?

(ग) राम-रहीम और केशव-करीम की जो एकता स्वयंसिद्ध है उसे भी सम्प्रदाय बुद्धि के मस्तिष्क वाले लोग समझ नहीं पाते। आशय लिखिए।

(घ) इलेक्शन का ऊँट कब किस करवट बैठ जाये, कुछ पता नहीं होता। आशय लिखिए।

6. कारक की परिभाषा देते हुए उसके भेदों का सोदाहरण परिचय दीजिए। 5

अथवा

निम्नलिखित में से किन्हीं **पाँच** शब्द-युग्मों का अर्थ स्पष्ट कीजिए :

अन्न–अन्य ; अंस–अंश ; अवलम्ब–अविलम्ब ; अशक्त–असक्त ; अथक–अकथ ; अवृत्ति–आवृत्ति।

7. रचना के अनुसार वाक्य के भेदों अथवा प्रकारों का परिचय दीजिए। 5

8. निम्नलिखित में से किन्हीं **पाँच** मुहावरों का वाक्यों में प्रयोग कीजिए : 1×5=5

अंक भरना ; दाँतों तले उँगली दबाना ; गाल बजाना ; बात बनाना ; सिर पर सवार होना ; हाथ मलना ; मुट्ठी गरम करना।

9. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर निबन्ध लिखिए : 10

(क) सोशल मीडिया

(ख) श्रीमंत शंकरदेव और असम

(ग) मेरे जीवन का लक्ष्य

(घ) नैतिकता और समाज

(In lieu of Internal Assessment)

10. 'काली आँधी' उपन्यास की कथावस्तु अपने शब्दों में लिखिए। 10

11. 'दुःख' कहानी की विशेषताओं को बताते हुए इसकी कथावस्तु लिखिए। 10

★★★